अनुमण्डल कार्यालय, बायसी

(कल्याण–शाखा)

अल्पकालीन सूचना

बायसी अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न पंचायतों में विकास मित्र के रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में प्रत्येक कार्य दिवस को संबंधित प्रखंड कार्यालय बैसा में जमा किया जा सकता है। जो निम्नलिखित है :–

कंडिका	कार्य विषय		
1.	अनुमंडल स्तर पर विकास मित्र चयन समिति का गठन	:–	06.06.2023
2.	प्रखंड वार रिक्तियो का समाचार पत्रों में प्रकाशन	:–	07.06.2023
3.	संबंधित प्रखंड में आवेदन प्राप्त करना	:–	09.06.2023 से 17.06.2023
4.	मेघा सूची तैयार करना एवं मेघा सूची का प्रकाशन	:–	19.06.2023
5.	मेघा सूची पर आपत्ति प्राप्त करना एवं निष्पादन करना	:–	22.06.2023 से 23.06.2023
6.	चयन सूची का प्रकाशन	:–	24.06.2023
7.	नियोजन पत्र का वितरण, शपथ ग्रहण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला	:–	31.06.2023

रिक्तियों की विवरणी :–

क्र0	प्रखंड का नाम	रिक्तियों की सं0	पंचायत का नाम	जाति बहुलता	कोटि आरक्षण
1.	बैसा	01	धुसमल	मुसहर	महिला

चयन हेतु अर्हता :–

1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी। मैट्रिक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन मेघा सूची के अनुरूप किया जाएगा तथा समान मेघा अंक रहने पर ज्यादा उम्र रहने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। चयन में मैट्रिक या समकक्ष से उच्चतर योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जायेगा। मैट्रिक पास अभ्यर्थी नहीं मिलने पर नन मैट्रिक, नौवी पास, आठवीं पास, सातवीं पास एवं पांचवी पास का नियोजन किया जा सकेगा।

2. महिलाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर रहने पर भी चयन किया जा सकेगा। बशर्ते वे अक्षर अंचल योजना एवं स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़ी हो तथा वे सामाजिक कार्य में प्रगतिशील सक्रिय महिला हो।

3. महादलित आवेदक की उम्र दिनांक–01.01.2022 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।

4. आवेदक महादलित परिवार से होगा। पंचायत में जिस महादलित जाति की बहुलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

5.जिस पंचायत से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं चयन किया जायेगा।

चयन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन विहित प्रपत्र में होना चाहिए। विहित प्रपत्र संबंधित प्रखंड कार्यालय तथा अनुमंडल कल्याण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

2. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय होगा।

3. आवेदन के साथ आवश्यक अनुलग्नकः–

क) मैट्रिक का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। नन मैट्रिक के बिहार विद्यालय परीक्षा समिति / समकक्ष से निर्गत प्रवेश पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति। आठवीं से पांचवी पास तक के अभ्यर्थियों के विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति।

ख) जाति प्रमाण पत्र।

ग) निवास प्रमाण पत्र।

4. प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड कलस्टरमें महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।

5.अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विकास मित्रों का चयन किया जायेगा।

अनुमंडल पदाधिकारी
बायसी

PR- 002699 (District) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।